Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 23-03-2005
Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

Title: Increasing numbers of patients with heart ailments in the country.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र जालौन से और उत्तर प्रदेश के अन्य इलाकों से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान और अन्य अस्पतालों में दिल में छेद होने के मरीज काफी मात्रा में इलाज हेतु आते हैं। उन मरीजों की उम्र एक माह से 20 साल तक है। उन मरीजों की एंज्योग्राफी कराई जाती है, जिसमें करीब 20,000 रुपए से लेकर 45,000 रुपए तक का खर्चा आता है। एंज्योग्राफी के बाद दिल के आपरेशन के लिए एक लाख रुपए से लेकर दो लाख रुपए तक का खर्च आता है। हमारे क्षेत्र में और अन्य जगह जो गरीब किसान हैं, वे अपनी जमीन को बेचकर या कर्ज लेकर अपने बच्चों का इलाज करा रहे हैं। कर्ज न लौटा पाने के कारण उनमें से कई किसान आत्महत्या भी कर रहे हैं। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जिस तरह से इस रोग के रोगियों की संख्या बढ़ रही है, उसके लिए एक समिति बनाकर जांच की जाए कि ऐसी कौन सी चीज है, जिससे इन रोगियों की तादाद बढ़ रही है। गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले ऐसे तमाम मरीजों के परि वार वालों को इस रोग के इलाज हेतु आर्थिक सहायता दी जाए।

MR. SPEAKER: Shri Anwar Hussain, in future you should give your notice on time.

श्री शैलेन्द्र कुमार : जिन्होंने सुबह आठ बजे नोटिस दिया है, उन्हें इजाजत दे दें।

अध्यक्ष महोदय : साढ़े सात बजे देने पर इजाजत भी नहीं मिलेगी।

Will you please not disturb when another hon. Member is speaking because your statements are not being recorded? Why are you doing this?

(Interruptions) ... *

* Not Recorded.